सूचना और प्रसारण मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन

1296. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस विभाग में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है और गत तीन वर्षों के दौरान इसकी कभी भी नियमानुसार चार बैठकें नहीं हुई हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि भाषा के प्रचार विकास और प्रयोग के लिए टेलीप्रिन्टर टेलेक्स, कम्प्यूटर और इलैक्ट्रानिक टाइपराइटरों आदि जैसे आवश्यक समझे जाने वाले यंत्रों की इस मंत्रालय में व्यवस्था नहीं की गयी है जिसके कारण राजभाषा के वार्षिक प्रगामी कार्यक्रम पिछले 11 वर्षों से पूरे नहीं किये जा सके हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रभावी कदम उठाये गये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (वी. एन० गाडगिल) : (क) सूचना और प्रसारण मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति पहले से ही कार्य कर रही है । 1982 में इसकी बैठकें दो बार, 1983 में चार बार तथा 1984 में 3 बार हुई । वर्ष 1985 के दौरान, इसकी बैठक 26-3-85 को हुई थी। उसके बाद इसका कार्यकाल 30-4-85 को समाप्त हो गया। समिति का अब पुनर्गठन किया जा चुका है तथा इसकी बैठक 5-12-1985 को होनी है ।

(ख) और (ग) सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय तथा इसके विभिन्न कार्यालयों में हिन्दी टाइपराइटर तथा हिन्दी कर्मचारी उपलब्ध किये गये हैं । हिन्दी टेलीप्रिन्टर तथा द्विभाषी (अंग्रेजी तथा हिन्दी) इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर भी आवश्यकतानुसार उपलब्ध हैं तथा टेलेक्स और कम्प्यूटर जैसे यंत्रों की अनुपलब्धता, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किये वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन में बाधक नहीं है।

1297. [*Transferred to the 9th December, 1985.*]

मध्य प्रदेश में दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र

1298. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1985-86 के वर्ष के दौरान मध्य देश के किसी शहर में दूरदर्शन का कोई प्रसारण केन्द्र स्थापित किया जायेगा; और

(ख) यदि हां, तो इसे कहां स्थापित किया जायेगा और इसके कब तक चालू हो जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बी० एन० गाडगिल): (क) जी, हां ।

(ख) वर्ष 1985-86 के दौरान कोरबा और खंडवा में पहले से ही स्थापित अल्प शक्ति वाले दो ट्रांसमीटरों के अलावा इस प्रकार के दो अन्य ट्रांसमीटर सीधी जिले के सिंगरौली और बस्तर जिले के जगदलपुर में एक-एक, के 1985-86 के अंत तक है चालू हो जाने की उम्मीद है ।

Training to handicapped persons by Voluntary Organisations

1299. SHRI DINKARRAO GOVINDRAO PATIL: Will the Minister of WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have sought information through its own independent sources about the number of physically handicapped persons educated, trained and rehabilitated by about 400 voluntary organisa-